अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 26/01/24	पृष्ठ सं0 (Page No). 08	क्रम सं0(Serial No.) 3

सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। बल के जवानों को विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट सेवा के लिए करगली के उप महानिरीक्षक दिनेश प्रताप परिहार, राउरकेला के उप कमांडेंट मनोज कुमार दास और सूरत के सईद फैज अहमद को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सराहनीय सेवा के लिए दिल्ली के उप महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार, सहायक कमांडेंट राम बरन सिंह, सहायक उप निरीक्षक राम चंदर जलवानिया, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, प्रधान आरक्षक विजय कुमार आदि को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

अग्निशमन सेवा पदक : विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक से नेवेली के उप निरीक्षक सी नटराजन, खेदार के सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र पाल और कुडगी के सहायक उप निरीक्षक हल्लेप्पा को सम्मानित किया गया है। सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक से कोलकाता के उप कमांडेंट दीपक सवालखिया, बर्नपुर के सहायक कमांडेंट मनोज कुमार को सम्मानित किया गया है। ब्यूरो